नगर निगम, शाहजहॉपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 20.10.2020

- नगर निगम का अभिनव प्रयोग–**स्वच्छता, सेवा और समाधान वाक टाक एवं रिजाल्व प्रत्येक सोमवार प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक चलेगा कार्यक्रम।**
- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 20.10.2020 को मो0 बिजलीपुरा में सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं पथ प्रकाश का किया गया निरीक्षण। श्री नरेश कुमार, सहायक अभियन्ता (मार्ग प्रकाश) के वेतन से रू0 5000.00 तथा श्री अनवार अहमद, प्रकाश अधीक्षक के वेतन से रू0 2500.00 की कटौती कर बिजली के बिल मद में जमा करने के निर्देश दिये गये।**
- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 20.10.2020 को चिनौर एवं मेजवान होटल तिराहे के पास बन रहे पार्क का किया गया निरीक्षण।**

1. **नगर निगम का अभिनव प्रयोग स्वच्छता,सेवा और समाधान –"वाक–टाक एंड रिजाल्व"–**
नगर निगम द्वारा जनसमस्याओ को समझने तथा उन्हे मौके पर निस्तारित करने तथा पूरे नगर क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण बनाए जाने के उददेश्य प्रत्येक सप्ताह एक दिन सभी जोनो में स्वच्छता, सेवा और समाधान का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत प्रत्येक जोनल अधिकारी अपने–अपने जोन के किसी एक वार्ड में निर्धारित दिवस को धूमते हुये आमजन से बात करेगे तथा स्थानीय समस्याओ को सुनेगे और जिन समस्याओ का मौके पर निस्तारण हो सकता है, उसका तत्काल उसी समय निस्तारण किया जायेगा। पूरे मोहल्ले में धूमते हुए क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी एवं आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया जायेगा। नगर निगम द्वारा जनमानस को दी जाने वाली अन्य सेवाऐ यथा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति,, प्रकाश व्यवस्था एवं टैक्स व अतिक्रमण आदि से संबधित समस्याओ का मौके पर संज्ञान लेते हुए अपेक्षित कार्यवाही की जायेगी। –**"वाक–टाक एंड रिजाल्व"** अपने आप में एक नया प्रयोग है,इस कार्यक्रम के द्वारा नगर निगम प्रशासन नगर की जनता सीधे जुड़ते हुए अपने कर्त्तव्यो को पूरा करने का प्रयास करेगी। स्वच्छता का कार्य हम सभी का है स्वस्थ्य एवं स्वच्छ बनाये जाने के लिये नागरिको की सहमागिता अपेक्षित है तथा उनकी जागरूकता जरूरी है। जागरूक नागरिक होने के साथ हम अपने शहर को स्वच्छ रखते हुये स्वस्थ्य वातावरण उपलब्ध करा सकते है। **प्रयोग स्वच्छता,सेवा और समाधान –"वाक–टाक एंड रिजाल्व"** कार्यक्रम सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक चलेगा।

2. विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 20.10.2020 **नगर आयुक्त महोदय द्वारा मो0 बिजलीपुरा सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं पथ प्रकाश का किया गया निरीक्षण।** निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपनी देख रेख में साफ–सफाई करवाई गई। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय के साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता, श्री सूरज प्रजापति, अवर अभियन्ता(जल) तथा श्री राजमंगल, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित थे। निरीक्षण में पाई कमियो के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। मोहल्ला बिजलीपुरा की गलियों का निरीक्षण करने पर पाया गया कि मोहल्ले की कई गलियों में लीकेज मरम्मत करने के बाद इन्टालॉकिंग ठीक नहीं कराई गई है। अतः महाप्रबन्धक (जल) को निर्देशित किया जाता है कि वे लीकेज मरम्मत के पश्चात इन्टरलाकिंग की मरम्मत कराने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करें। इसके अतिरिक्त महानगर में कहीं भी लीकेज आदि की मरम्मत के लिये मार्ग को खोदा जाये तत्काल रिस्टोरेशन कराया जाये। कार्यवाही हेतु महाप्रबन्धक जल को निर्देशित किया। मोहल्ला बिजलीपुरा में जे0पी0 मैरिज लॉन के सामने पोल पर प्रकाश बिन्दु जलता पाया गया। स्थानीय निवासियों द्वारा भी प्रकाश बिन्दु रात–दिन जलते रहने शिकायत की गयी है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा दण्ड स्वरूप श्री नरेश कुमार, सहायक अभियन्ता (मार्ग प्रकाश) के वेतन से रू0 5000.00 तथा श्री अनवार अहमद, प्रकाश अधीक्षक के वेतन से रू0 2500.00 की कटौती कर बिजली के बिल मद में जमा करने के निर्देश दिये गये।कार्यवाही हेतु प्रभारी पथ प्रकाश/लेखाधिकारी को निर्देशित किया गया। मोहल्ल बिजलीपुरा स्थित कब्रिस्तान के पास खाली पड़ी भूमि पर अत्याधिक गन्दगी पायी गयी।

कमश.......................(2)

इस सम्बंध में नगर आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। बिजलीपुरा स्थित कैप्टन के मकान के पास खड़ी कार के नीचे भी अत्याधिक कूड़ा एकत्र पाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मोहल्ला बिजलीपुरा की समस्त नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिये गये। मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित कीर्ति नगर कालोनी के पास नालियां भरी हुई पायी गयीं। वार्ड में 14 सफाई कर्मचारी तैनात होने के सम्बंध में अवगत कराया गया। इनमें से श्री विशाल, आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी तथा नियमित सफाई कर्मचारी श्री अकील अनुपस्थित पाये गये। इस सम्बंध में अवगत करया गया कि श्री अकील छुट्टी पर हैं। परन्तु छुट्टी का प्रार्थनापत्र मांगने पर दिखाया नहीं गया। इनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 20.10.2020 को चिनौर एवं मेजवान होटल तिराहे के पास बन रहे पार्क का किया गया निरीक्षण। ।। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता सिविल श्री दिनेश चन्द्र सचान उपस्थित रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य अभियन्ता (सिविल) को कार्यगुणवत्ता सुनिश्चित करते हुये निर्धारित समय के अन्दर पूरा कराने का निर्देश दिया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर